**प्रेस नोट**

**जनपद अम्बेडकरनगर**

**दिनांक 06.05.2025**

**जनपद अम्बेडकरनगर थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0- 98/25 धारा 303(2),324(4),371(2) बीएनएस से सम्बन्धित 03 नफर वांछित अभियुक्तों को चोरी की हुई कुल- 15 अदद ई-रिक्शा बैटरियों के साथ किया गया गिरफ्तार**

**संक्षिप्त विवरण** –वादी मुकदमा श्रीलालजी पुत्र अगनूराम निवासी सलाहुद्दीनपुर थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा थाना स्थानीय पर सूचना दिया कि दिनाँक 16.04.2025 को मेरी ई-रिक्शा से अज्ञात चोरो द्वारा 05 अदद लिव-गार्ड कम्पनी की बैट्री व डाड़ी महमदपुर से कूड़ा ढोने वाली श्रीरामलौट की ई-रिक्शा गाड़ी से 04 अदद बैट्री चोरी कर लिये है । जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0-98/25 धारा-303(2), 324(4) बीएनएस बनाम अज्ञात अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित थी।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री केशव कुमार के निर्देशानुसार जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0- 98/25 धारा 303(2),324(4),371(2) बीएनएस से सम्बन्धित प्रकाश में आये तीन अभियुक्तगण 1. मूलचन्द निषाद पुत्र राम प्रताप निषाद निवासीग्राम हाथपाकड़ थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 22 वर्ष 2. विकाश कुमार पुत्र जगदम्बा कुमार निवासी ग्राम हाथपाकड़ थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर उम्र 20 वर्ष 3.दयाशंकर निषाद पुत्र राम प्रताप निषाद निवासी ग्राम हाथपाकड़ थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 32 वर्ष को आज दिनाँक 06.05.2025 को प्रातः में दौरान चेकिंग गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से 15 अदद ई-रिक्शा बैट्री बरामद की गयी ।

**विवरण पूछताछ**– गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा दौरान पूछताछ के दौरान बताया गया कि हम तीनो लोग दिनांक 16.04.2025 को रात मे एक इ-रिक्शा ग्राम सलाहुद्दीनपुर से जो घर के बाहर खड़ा था हम तीनो उठाकर ले गये तथा जिसमे लगी पाँच बैटरी निकाल लिये थे व दूसरा ई-रिक्शा कुड़ा ढोने वाला डाड़ी तिराहा से करीब दो-तीन सौ मीटर आगे अकबरपुर रोड़ से घर के बाहर से उठाकर लाये थे उसमें से चार बैटरी निकाल लिये थे । दोनो इ-रिक्शो को काफी दूर ले जाकर सूनसान जगह पर छोड़ दिया था और निकाले हुए बैटरियों को बीज गोदाम के पास झाड़-झंखाड़ है उसी में दोनो इ-रिक्शा से निकाली हुई बैटरियों को छुपाकर रखा हूँ तथा वही पर अकबरपुर शहर क्षेत्र से घूमफिर कर 09 और अन्य बैटरिया चोरी कर लाये थे, उन्हे भी वही पर छुपाकर रखा हूँ जिसमें से कुल तीन बैटरी पूर्व में ही बेंच दिया हूँ। आज हम तीनो लोग झाड़ मे रखी हुई अन्य बैटरियों को ले जाने के लिए जा रहे थे। तथा इन बैटरियो को हम लोग ले जाकर ऋषि इलेक्ट्रानिक एवं रिपेयरिंग सेन्टर भीटी रोड़ गोसाईगंज जनपद अयोध्या को बेच देते है। और जो पैसा मिलता उसे हम लोग आपस में बराबर-बराबर बाट लेते । इससे पहले भी हम तीनो लोग ऋषि इलेक्ट्रानिक एवं रिपेयरिंग सेन्टर भीटी रोड गोसाईगंज जनपद अयोध्या के यहाँ कई बैटरिया बेच चुके है ।

**विवरण गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1-मूलचन्द निषाद पुत्र राम प्रताप निषाद निवासीग्राम हाथपाकड़ थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 22 वर्ष

2-विकाश कुमार पुत्र जगदम्बा कुमार निवासी ग्राम हाथपाकड़ थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर उम्र 20 वर्ष

3-दयाशंकर निषाद पुत्र राम प्रताप निषाद निवासी ग्राम हाथपाकड़ थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 32 वर्ष

**गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थान**

**गिरफ्तारी स्थल**– मुजाहिदपुर मोड़।

**गिरफ्तारी दिनांक**– 06.05.2025

**गिरफ्तारी समय** – समय करीब 03.27 बजे

**आपराधिक इतिहास अभियुक्तगण उपरोक्त**

1. मु0अ0स0-98/25 धारा 303(2),324(4),371(2) बीएनएस थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर

**विवरण बरामदगी-**

01-कुल-15 अदद बैट्री ई-रिक्शा की

**विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिसटीम-**

1. थानाध्यक्ष श्री रितेश कुमार पाण्डेय थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर
2. उ0नि0 श्री अदील अहमद थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर।
3. हे0का0 करूणानिधि सिंह थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर
4. हे0का0 राजेश यादव द्वितीय थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर
5. का0 रणधीर सिंह थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर
6. का0 कृष्णकान्त ठाकुर थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर
7. का0 मुकेश कुमार थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर
8. का0 विनय यादव थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर